हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 27 सितंबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 बैतूल डिवीजन के 103 में से 61 जलाशयों में 25 प्रतिशत से भी कम जलभराव



07 प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल ने गाए भजन पथिकों संग किया दिव्य...



खबर संक्षेप

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 27 सितम्बर को प्रातः 11.30 बजे इछावर तहसील के ग्राम बोरदी पहुंचेंगे और यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत स्वीकृत विस क्षेत्र की सड़कों के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

विद्यार्थियों को दी खाद्य मिलावट पहचानने की जानकारी

सीहोर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा संचालित चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से शासकीय हाई स्कूल अलीपुर, आष्टा में विद्यार्थियों के समक्ष खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं मिलावट के प्रति जागरूक किया गया। चलित प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच की प्रक्रिया विद्यार्थियों को समझाई गई तथा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के सरल एवं आसान तरीके बताए गए। विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, सुरक्षित रखरखाव तथा साफ-सफाई के महत्व की जानकारी भी दी गई।

गणेश पंडाल में बिजली काटने को लेकर हंगामा

विद्युत कर्मियों पर महिलाओं से धक्का मुक्की व अभद्रता की हुई शिकायत

नर्मदापुरम के सदर बाजार में बिजली कंपनी टीम के जेई से युवक ने गाली-गलौज और मारपीट कर दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के सदर बाजार अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 (गुप्ता नर्सिंग होम के पीछे) में स्थापित गणेश पंडाल की बिजली काटने और विरोध करने पर रहवासियों के साथ अभद्रता व झूठे केस में फंसाने की धमकी का मामला सामने आया है। वार्डवासियों ने इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय को एक लिखित शिकायती आवेदन सौंपकर संबंधित विद्युत कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

लोग बोले झूठे केस बनाने की दी धमकी

आरोप है कि बिजली कर्मचारियों ने कहा कि तुम पंडाल में बहुत सारी लाइट जला रहे हो और विवाद बढ़ाते हुए धमकी दी कि रहम तुम्हारी थाने में झूठी शिकायत कर तुम लोगों को जेल भिजवा देंगे।र वार्डवासियों का कहना है कि उनकी ओर से किसी भी कर्मचारी से कोई बदतमीजी नहीं की गई, बल्कि कर्मचारियों द्वारा ही अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई है। समस्त वार्डवासियों ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी विद्युत कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने देव परते के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 296(**b**), 115(2), 351(3) और 324(4) के तहत मामला दर्ज किया है।

अवैध बिजली जलाते वक्त पकड़ा था इसी को लकर विवाद हो गया

आरती के दौरान बत्ती गुल करने का आरोप शिकायत पत्र के अनुसार, वार्डवासी पिछले 25-30 वर्षों से इसी स्थान पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करते आ रहे हैं। दिनांक 26 सितंबर को दोपहर लगभग 11 से 12 बजे के बीच, जब पंडाल में गणेश जी की आरती चल रही थी, तभी विद्युत मंडल के लगभग 8 कर्मचारी वहां पहुंचे और पंडाल की पूरी लाइट निकाल दी। रहवासियों का कहना है कि जब वहां मौजूद महिलाओं ने बिजली निकालने का कारण पूछा, तो कर्मचारी अभद्र भाषा पर उतर आए। आरोप है कि कर्मचारियों ने महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की। जब स्थानीय पुरुषों ने बीच-बचाव व विरोध किया, तो कर्मचारियों ने अशोभनीय गालियां देते हुए झूमा-झटकी शुरू कर दी। महाप्रबंधक विनीत बागड़े के मुताबिक, टाउन जोन-2 में गुप्ता नर्सिंग होम के पीछे सदर बाजार स्थित दीपक मनसोरिया के परिसर में टीम ने शनिवार को अवैध बिजली कनेक्शन पकड़ा था। जांच के बाद प्रकरण बनाकर 54 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। टीम अवैध लाइन को बिजली पोल से काट रही थी, इसी दौरान विवाद हो गया।

कार में तोड़फोड़ के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी वारदात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के सेमरी हरचंद में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात नशे में धुत चार युवकों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। युवकों की यह हरकत मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

शनिवार सुबह मामला सामने आने के बाद पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया। चारों को सोहागपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए गए।


पुलिस के मुताबिक सेमरी हरचंद निवासी भवानी प्रसाद साहू की गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। रात में ग्राम जमुनिया निवासी हीरा पटेल (19), अनिल उर्फ अन्ना केवट (18), कृष्णा उर्फ हल्के कुशवाह (21) और खेमचंद अहिरवार (18) वहां पहुंचे। चारों ने गाड़ी के कांच में तोड़फोड़ कर दी।

घटना की जानकारी मिलने पर भवानी प्रसाद साहू ने पुलिस को सूचना दी। सेमरी हरचंद पुलिस चौकी प्रभारी विवेक यादव मौके पर पहुंचे और मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चारों युवकों की पहचान की।

सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि चारों युवक नशे की हालत में थे। उनके खिलाफ उपद्रव और तोड़फोड़ सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया। आरोपियों को सोहागपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आदेश के बाद उन्हें पिपरिया जेल भेज दिया गया।

गणेश विसर्जन के दौरान 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

सीहोर/अहमदपुर। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार को सीलखेड़ा से मुंगावली जाने वाले मार्ग पर करीब डेढ़ किलोमीटर आगे स्थित एक खदान में हादसा हो गया। हादसे में सीलखेड़ा निवासी 16 वर्षीय अतुल अहिरवार, पिता अजब सिंह अहिरवार की गहरे पानी में डूबने से मौत होने की जानकारी सामने आई है। बताया गया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए अतुल अन्य लोगों के साथ खदान के पानी में गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद मौके पर लोगों



की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। बताया गया है कि सीलखेड़ा से मुंगावली रोड पर करीब डेढ़ किलोमीटर आगे खदान में गणेश विसर्जन के दौरान यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

विभिन्न स्थलों से 45 क्वार्टर देशी मदिरा, 40 बल्क लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नर्मदा नदी के किनारे 5 किलोमीटर क्षेत्र में अवैध मदिरा के विक्रय एवं निर्माण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग द्वारा वृत्त नर्मदापुरम क्षेत्र के विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर अवैध मदिरा एवं लहान बरामद किया गया। अभियान के तहत बालागंज, मालाखेड़ी, गिन्नी कम्पाउंड, सेठ गुरु प्रसाद स्कूल के आसपास, बंगाली कॉलोनी सिकलीकर,



बी.टी.आई. मदरवाड़ा, पिचिंग घाट, भीलपुरा सहित अन्य संदिग्ध स्थलों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 45 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा, 40 बल्क लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा तथा 150 किलोग्राम लहान बरामद किया गया। बरामद सामग्री की अनुमानित कीमत 27 हजार रुपए बताई गई है। अवैध मदिरा के संबंध में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 5 प्रकरण कायम किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी श्री राजीव द्विवेदी ने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के संदिग्ध क्षेत्रों में भी अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा अवैध मदिरा से संबंधित गतिविधियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आंगनवाड़ी केंद्र बांसखेड़ा में बच्चों ने खेल गतिविधियों में लिया उत्साहपूर्वक भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के प्रथम दिन शनिवार को स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र बांसखेड़ा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में वृहद वृक्षारोपण के साथ की गई। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने



पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक कुर्सी दौड़ और जलेबी दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खेल गतिविधियों के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली।

मित्र संघ सोहागपुर ने किया पौधारोपण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जन अभियान परिषद तथा सोहागपुर मित्र संघ समिति के द्वारा पौधारोपण सेवा संकल्प एवं विकसित भारत अभियान अंतर्गत गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के माध्यम से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 62 बच्चों ने सहभागिता की। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं सोहागपुर मित्र संघ समिति सोहागपुर द्वारा ज्ञानेश्वरी विद्यापीठ स्कूल परिसर में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम दौरान पौधारोपण भी किया गया।



विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने पौधारोपण किया तथा पौधों के संरक्षण सहित नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सचिव प्रदीप कुमार दुबे, कुमारी शिवानी, नेहा किरार, कुमारी रिचा उमरे, कुमारी कीर्ति कुशवाहा, शिवानी विश्वकर्मा, चंद्रकांता, कीर्तिका परसाई, रक्षा रघुवंशी, अनुराधा विश्वकर्मा, आनंदिता सोनी रितु कहार, गरिमा कहार, उमा सरते एवं कार्यकर्ता दीक्षा वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। प्रदीप दुबे ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण ही पर्याप्त नहीं, बल्कि रोपित पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

वृद्धजन पार्क में जिम की मांग को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 के अंतर्गत आने वाले वृद्धजन पार्क (अटल पार्क) में ओपन जिम और व्यायाम उपकरण लगाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से वार्डवासियों ने अवगत कराया कि वार्ड क्रमांक 08 व 09 सहित आसपास के बड़ी संख्या में रहवासी और वरिष्ठ नागरिक प्रतिदिन सुबह और शाम वृद्धजन पार्क (अटल पार्क) में टहलने और स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। वर्तमान में इस पार्क में व्यायाम करने के लिए किसी भी प्रकार के आधुनिक उपकरण या ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध नहीं है। नागरिकों ने उल्लेख किया कि जिस तरह शहर के नेहरू पार्क में व्यायाम उपकरण (ओपन जिम) स्थापित किए गए हैं, उसी तर्ज पर वृद्धजन पार्क (अटल पार्क) में भी ओपन जिम की सुविधा मुहैया कराई जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सांसद महोदया से संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने तथा जरूरी बजट स्वीकृत कराने का पुरजोर निवेदन किया। इस ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 08 की पार्षद श्रीमती रिचा-जीतू तिवारी, सीमा नाशिककर, किरण शर्मा, प्रदीप नाशिककर सहित अनेक वार्ड के लोग शामिल रहे।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का भव्य आयोजन

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर के नवीन कॉन्फ्रेंस हॉल में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम मुख्यतः नशामुक्त भारत, स्वस्थ भारत, सशक्त भारत विषय पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के गायन से हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का तिलक एवं पुष्पों से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों को पौधा, एनएसएस बैज एवं एनएसएस डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। एनएसएस स्वयंसेविका कशिश द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय, सीहोर के देवेंद्र कुमार राय रहे, जो विगत 16 वर्षों से प्रोग्राम ऑफिसर राष्ट्रीय सेवा योजना के रूप में विद्यालय में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवक अमित शर्मा एवं आदित्य गौर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार राय ने एनएसएस की उत्पत्ति, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से एनएसएस की भावना को केवल गतिविधियों तक सीमित न रखकर अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने एनएसएस के मूल उद्देश्य 'शिक्षा द्वारा समाज सेवा एवं समाज सेवा द्वारा शिक्षा' की व्याख्या करते हुए एनएसएस के लोगो एवं आदर्श वाक्य के महत्व को भी स्पष्ट किया। ₹नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत₹के संदर्भ में उन्होंने कहा कि 'नशा नाश का कारण है' और स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं को नशे से दूर रहना आवश्यक है। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताशव कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में सेवा भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि सेवा भाव कर्तव्य, जिम्मेदारी एवं सामाजिक सरोकार से भी व्यापक भावना है। उन्होंने सेवा परमो धर्म को जीवन का महत्वपूर्ण आदर्श बताते हुए कहा कि निःस्वार्थ भाव से किया गया कर्म कभी निष्फल नहीं जाता। प्रकृति निःस्वार्थ सेवा करने वाले व्यक्ति को किसी न किसी रूप में अवश्य पुरस्कृत करती है। इसके पश्चात एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवक आदित्य गौर एवं अमित शर्मा ने दिल्ली में आयोजित आरडीसी कैंप में अपने अनुभव साझा किए।

व्यक्ति में देश भक्ति का संचार करता है वंदे मातरम गान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नमामि भारत वंदे मातरम कार्यक्रम के अंतर्गत बंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में सामूहिक बंदे मातरम गान का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक सुदेश राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम व्यक्ति में देशभक्ति का संचार करता है वंदे मातरम देश की आजादी में महत्वपूर्ण स्थान रखता है हम भाग्यशाली हैं कि वंदे मातरम सामूहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुदेश राय के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संचालक भारत सोनी, शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा पर सम्मिलित हुए। मंच पर नमामि भारत वंदे मातरम कार्यक्रम के जिला संयोजक अनिल पालीवाल, कार्यक्रम संयोजक शोभा चांडक रहे।


पितृमोक्ष अमावस्या तक होगा आयोजन

पितृपक्ष प्रारंभ: नर्मदा तटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब पितरों के निमित्त तर्पण और श्राद्ध अनुष्ठान हुए शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के साथ ही शनिवार से पितृपक्ष (महालय पर्व) का विधिवत आरंभ हो गया है। पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने के लिए सुबह 6 बजे से ही नर्मदापुरम के प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी। नगर के ऐतिहासिक सेठानी घाट, चित्रगुप्त घाट, विवेकानंद घाट और मंगलवारा घाट पर दिनभर पितृ तर्पण और पिंडदान का क्रम चलता रहा।

श्रद्धालुओं ने नर्मदा के पावन जल में खड़े होकर हाथ में कुश और काले तिल धारण कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अपने पितरों को



जलांजलि अर्पित की। घाटों पर उपस्थित विद्वान ब्राह्मणों ने शास्त्रोंक्त विधि-विधान से पूजन और श्राद्ध प्रक्रिया संपन्न कराई। परिजनों ने अपने पूर्वजों की आत्मशांति और परिवार के कल्याण के लिए उनसे आशीर्वाद की कामना की। ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील चौरे के अनुसार, पितृपक्ष पूर्वजों के स्मरण और उनकी तृप्ति का सबसे पुण्यकारी समय माना जाता है। इस अवधि में पूर्णिमा श्राद्ध और नांदी मातृ महाश्राद्ध की विशेष महत्ता है। उन्होंने उल्लेख किया कि पितृपक्ष के दौरान 'भरणी श्राद्ध' करने से तीर्थराज गया में किए गए श्राद्ध के समान अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त, मोक्षदायिनी नर्मदा के तट पर किया गया तर्पण अत्यंत फलदायी माना गया है।

यह 16 दिवसीय महालय पर्व 10 अक्टूबर को सर्वपितृ विसर्जन अमावस्या के साथ संपन्न होगा। तब तक प्रतिदिन सुबह नर्मदा के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालु अपने-अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान और तर्पण अनुष्ठान करेंगे।

'एनएसयूआई बाबा साहेब के नाम पर नहीं करें राजनीति'

सीहोर। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद कॉलेज प्राचार्य कक्ष में पहुंचकर शुक्रवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भाजपा सीहोर मंडल के पदाधिकरियों कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के निर्देशन में मंडल महामंत्री नीरज जाटव के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य रोहिताश शर्मा की उपस्थिति में दीवार पर सम्मान पूर्वक लगाई। कॉलेज प्राचार्य और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब अमर रहे के नारे भी लगाए।

भाजपा मंडल महामंत्री नीरज जाटव ने बाबा साहब की तस्वीर लगाने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी की छात्र विंग एनएसयूआई बाबा साहब के नाम पर झूठी राजनीति कर रही है,सच यह है कि कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहब को सम्मान नहीं दिया है यही कारण है कि अब कांग्रेस देश में जीरो पर आ गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब से सत्ता में आई है तब से बाबा साहब के विचारों और उनके अनुयायियों को आगे बढ़ा रही है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोगों के पास आरोप लगाने के अलावा कोई काम नहीं है अच्छा हाल में छात्र-छात्राओं के द्वारा ही भंडारा आयोजित किया गया था यहां कोई नाच गाना नहीं चल रहा था। संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर हम सब के सम्माननीय महापुरुष है। कॉलेज की नई बिल्डिंग के प्राचार्य कक्ष में पहले से बाबा साहब की तस्वीर लगी हुई है जबकि पुरानी बिल्डिंग के प्राचार्य कक्ष में सफाई कार्य होने के चलते तस्वीर को हटाया गया था ।

खबर संक्षेप

गणेश विसर्जन के दौरान हादसा, डेढ़ घंटे बाद मिला शव



बैतूल। मंडई खुर्द गांव में शुक्रवार शाम गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत अपने स्तर पर व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। इसके साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। खबर मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की खोजबीन के बाद टीम ने शव को तालाब से बाहर निकाला। मृतक की पहचान मांडई खुर्द निवासी शंकर दयाल सिंगर (41) के रूप में हुई। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे शंकर गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए तालाब में उतरे थे। इसी दौरान वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

शिविर में 806 गर्भवती महिलाओं की जांच, 396 हाई रिस्क मिलीं



बैतूल। गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का पता लगाने और समय रहते उनका उपचार सुनिश्चित कर सुरक्षित प्रसव करवाने प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि शनिवार को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में जिले में कुल 806 गर्भवती महिलाओं की जाचं एवं 396 हाई रिस्क चिन्हित एवं 55 सोनोग्राफी की गई। शिविर में सभी महिलाओं की खून की जांच एवं जीडीएम की जांच की गई। जिला चिकित्सालय बैतूल में आयोजित शिविर में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ संगीता उइके द्वारा 80 गर्भवती महिला एवं 23 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच एवं 55 महिलाओं की सोनोग्राफी की गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में महिला चिकित्सक डॉ ज्योति इवने द्वारा 52 गर्भवती महिलाएं एवं 30 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, सिविल अस्पताल आमला में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ वैशाली द्वारा 34 गर्भवती महिला एवं 11 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में महिला चिकित्सक डॉ सरिता कालभोर द्वारा 79 गर्भवती महिला एवं 38 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ कविता सिमैया द्वारा 150 गर्भवती महिला एवं 41 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की गईं। शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संस्था में आवश्यक जांचे, चिकित्सकीय परीक्षण, परामर्श और हाई रिस्क महिलाओं का उचित प्रबंधन कर संस्थागत सुरक्षित प्रसव करवाना है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

कमजोर मानसून : 103 जलाशयों में सिर्फ 61.397 एमसीएम पानी उपलब्ध

बैतूल डिवीजन के 103 में से 61 जलाशयों में 25 प्रतिशत से भी कम जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

इस साल मानसून की बेरुखी का सबसे ज्यादा असर जिले के डैमों पर पड़ा है। कम बारिश के कारण जिले के अधिकांश डैम क्षमता अनुरूप नहीं भर पाये है। जिससे आगामी रबी सीजन पर संकट के बादल मंडराने लगे है, क्योंकि मानसून सीजन के ढाई माह गुजरने के बाद भी जिले के 61 जलाशयों में 25 प्रतिशत से भी कम जलभराव हुआ है। जबकि सिर्फ पांच डैम ही शत-प्रतिशत भरे है। जिले में अब तक महज 714.2 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक 943.9 मिमी बारिश हो चुकी थी। यानी पिछले साल की तुलना में इस बार 229.7 मिमी यानी बारिश कम हुई है। सामान्य औसत बारिश 1083.9 मिमी है। इस लिहाज से मौजूदा आंकड़ा सामान्य से करीब 369.7 मिमी पीछे है। उल्लेखनीय है कि बैतूल और मुलताई डिवीजन के कुल 198 जलाशयों में महज 7 में ही शत-प्रतिशत जलभराव हुआ है। खास बात यह है कि शत-प्रतिशत भरने वाले जलाशय मुख्य रूप से लघु परियोजनाओं वाले है, जबकि मध्यम परियोजनाओं की स्थिति चिंताजनक है। बैतूल डिवीजन के सापना जलाशय में महज 57 प्रतिशत और घोघरी में 39 प्रतिशत पानी ही पहुंच सका है। मुलताई डिवीजन में बुडाला 86, चंदोरा 62, सोनखेड़ी 42, पारसडोह 60 और वर्धा जलाशय में सिर्फ 16 प्रतिशत जलभराव हुआ है। निर्माणाधीन निरगुड़ जलाशय भी प्रतिशत तक ही भर सका है। यानी जिले की किसी भी प्रमुख मध्यम परियोजना में अभी तक शत-प्रतिशत जलभराव नहीं हुआ है।



आधे से ज्यादा जलाशय 25 प्रतिशत से नीचे

बैतूल डिवीजन के 103 जलाशयों की स्थिति और ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। इनमें 61 जलाशय ऐसे हैं, जिनमें 0 से 25 प्रतिशत तक ही पानी है। यानी आधे से अधिक जलाशय इस श्रेणी में है। 25 से 50 प्रतिशत जलभराव वाले 28 एवं 51 से 75 प्रतिशत वाले 9 और 76 से 99 प्रतिशत वाले सिर्फ 2 जलाशय है। शत-प्रतिशत भरने वाले 5 जलाशय हैं, लेकिन ये लघु परियोजना वाले हैं। इन 103 जलाशयों की कुल जलभराव क्षमता 186.526 एमसीएम है, जबकि वर्तमान में सिर्फ 61.397 एमसीएम पानी उपलब्ध है। पिछले साल इसी अवधि में इनमें 158.506 एमसीएम पानी था। यानी जलाशयों में पिछले साल की तुलना में करीब 97 एमसीएम पानी कम है।

रबी सीजन पर सबसे बड़ा खतरा

जलाशयों में कम पानी का असर आने वाले रबी सीजन में दिखाई दे सकता है। खरीफ के बाद किसानों को गेहूं, चना और अन्य रबी फसलों के लिए सिंचाई की जरूरत होगी। ऐसे में यदि सितंबर में पर्याप्त बारिश नहीं हुई, तो जलाशयों में मौजूद सीमित पानी पर ही सिंचाई की निर्भरता बढ़ेगी। आंकड़े बताते हैं कि इस बार चुनौती सिर्फ बारिश की कमी की नहीं, बल्कि जलस्रोतों में पानी जमा नहीं होने की भी है। पिछले साल जिले ने अंततः 1097.4 मिमी बारिश दर्ज की थी, जो सामान्य औसत से महज 13.5 मिमी अधिक थी। इस साल अभी तक बारिश की रफ्तार पीछे है। ऐसे में अब सवाल सिर्फ यह नहीं है कि मानसून कितनी बारिश करता है, बल्कि यह भी है कि बची बारिश जलाशयों की स्थिति में कितना सुधार करेगी।

पानी आरक्षित कराने की कवायद, स्रोत में ही कमी

इधर नगरपालिका ने संकट की आशंका को देखते हुए डब्ल्यूआरडी से पानी आरक्षित रखने की मांग तो कर दी है, लेकिन असल चुनौती जलाशयों में उपलब्ध पानी की मात्रा है। यदि बारिश की कमी की भरपाई नहीं हुई, तो आरक्षित पानी की मात्रा भी सीमित रह सकती है। ऐसे में केवल पानी आरक्षित कराने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। अब नगरपालिका के सामने गर्मी से पहले वैकल्पिक जलस्रोतों, उपलब्ध जल भंडारण और शहर की वास्तविक जरूरत का आकलन करने की चुनौती है। समय रहते ठोस तैयारी नहीं हुई तो कम जलभराव का असर सीधे शहर की पेयजल व्यवस्था पर पड़ सकता है।

जिले में 22 सितंबर तक की बारिश की स्थिति (मिमी में)

ब्लाक	चालू बारिश	विगत वर्ष
बैतूल	639.8	673.0
घोड़ाडोंगरी	886.6	1140.4
चिचोली	946.2	1039.2
शाहपुर	721.9	936.6
मुलताई	740.6	945.7
प्रभातपट्टन	658.7	888.6
आमल	589.0	780.0
भैंसदेही	701.0	918.2
आठनेर	410.6	711.7
भीमपुर	855.2	1409.0
कुल	714.2	943.9

मुलताई में 70 जलाशय 25 प्रतिशत से नीचे

मुलताई डिवीजन की स्थिति भी राहत देने वाली नहीं है। यहां कुल 95 जलाशयों में से 70 में 0 से 25 प्रतिशत तक ही जलभराव हुआ है। 26 से 50 प्रतिशत वाले 15, 51 से 75 प्रतिशत वाले 4 और 76 से 99 प्रतिशत वाले 4 जलाशय है। शत-प्रतिशत भरने वाले सिर्फ 2 जलाशय हैं। मुलताई डिवीजन के जलाशयों की कुल क्षमता 287.838 एमसीएम है, लेकिन अभी तक सिर्फ 100.833 एमसीएम पानी ही जमा हो सका है। पिछले साल इसी अवधि में यहां 271.371 एमसीएम, यानी करीब 94 प्रतिशत पानी भरा था। इस बार स्थिति इसके उलट है।

गणेश विसर्जन जुलूस देखने गई छात्रा की तबीयत बिगड़ी, मौत



परिवार का आरोप : डीजे के तेज साउंड से बिगड़ी थी तबीयत पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले के सबसे बड़े जेएच कॉलेज में गणेश प्रतिमा के विसर्जन जुलूस के दौरान 17 वर्षीय छात्रा की तबीयत बिगड़ गई और उसे अचानक चक्कर आया तथा वह बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद परिजन और साथी उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजन ने डीजे की तेज आवाज को मौत की वजह बताया है। हालांकि पुलिस और डॉक्टरों ने मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आएगी। छात्रा के परिजन ने शनिवार सुबह एसपी बैतूल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि डीजे के अत्यधिक शोर के कारण प्रतीक्षा को चक्कर आया और वह गिर गई।

परिजन ने डीजे संचालक और कॉलेज परिसर में डीजे बजाने की अनुमति देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। दरअसल प्रतीक्षा वर्मा शुक्रवार शाम अपनी छोटी बहन वेदिका के साथ कॉलेज में गणेश प्रतिमा के दर्शन करने के लिए पहुंची थी। बहन वेदिका के मुताबिक, कॉलेज परिसर में डीजे काफी तेज आवाज में बज रहा था। इसी दौरान प्रतीक्षा को अचानक चक्कर आ गया। उसे तुरंत जुलूस से दूर ले जाकर अलग बैठाया गया और परिवार को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। वेदिका के अनुसार, अस्पताल पहुंचने तक प्रतीक्षा बेहोश थी।

जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर डॉ. निशांत यादव ने बताया कि अस्पताल लाए जाने के समय छात्रा की कैरोटिड पल्स नहीं थी और वह ब्रेन स्टेट में थी। ईसीजी में फ्लैट लाइन आई। इसके बाद छात्रा को मृत घोषित किया गया। डॉक्टर के मुताबिक, शुरुआती तौर पर स्थिति कार्डियक अरेस्ट जैसी लग रही थी। छात्रा को पहले से हृदय संबंधी कोई बीमारी थी या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। डॉक्टर के अनुसार, पहले से हृदय संबंधी समस्या रही हो तो ऐसी स्थिति संभव हो सकती है। इस संबंध में एसडीओपी अन्नपूर्णा सिरसाम ने बताया कि पुलिस को रात करीब 9.30 बजे घटना की जानकारी मिली थी। छात्रा गणेश प्रतिमा के दर्शन करने गई थी। वहां चक्कर आने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। मौत का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

मानसिक दिव्यांग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विशेष न्यायाधीश अजा. और अजजा. (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 बैतूल रईस खान द्वारा अभियुक्त रामनाथ पिता गोरेलाल मालवीय (48 वर्ष) निवासी ग्राम सोहागपुर थाना बैतूलबाजार को मानसिक दिव्यांग महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में आजीवन कारावास, जो शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।



मामले में शासन की ओर से की पैरवी कर रहे लोक अभियोजक वरिष्ठ अधिवक्ता शशिकांत नागले ने बताया कि 2 नवंबर 2024 को पीड़िता के भाई ने बैतूलबाजार थाना में रिपोर्ट लिखाई गई कि वह उसकी पत्नी, मां, छोटा भाई व अपने दो बच्चों के साथ रहता है, उसके घर के पास किसी का मकान नही है, सब दूर-दूर रहते हैं। 1 नवंबर 2024 को शाम 6 बजे वह तथा उसकी पत्नी व बच्चे गांव में लक्ष्मी विसर्जन कार्यक्रम देखने चले गये थे, उसकी मां गांव में चली गई थी। मानसिक दिव्यांग अभियोक्त्री घर पर अकेली थी। शाम 7 बजे के लगभग जब मोटरसायकल से घर आ रहे थे, तब खेत के पास रास्ते के किनारे एक आदमी उकडू बैठा था, पास में कोई लेटा था, उसने सोचा कोई दारू पीने वाले होंगे और घर चला गया, घर पर दिव्यांग अभियोक्त्री नहीं मिली, तब उसे ढूंढने मोटरसायकल से निकला, तो उसने रास्ता किनारे उकडू बैठे आदमी को मोटरसायकल की लाईट में भागते देखा, जो ग्राम सोहागपुर का रहने वाला रामनाथ नाई था, तथा जो व्यक्ति लेटा दिख रहा था, उसे पास जाकर देखा तो वह उसकी बहन दिव्यांग अभियोक्त्री थी, होश में नहीं थी, उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे, शरीर पर धूल मिट्टी लगी थी, अभियोक्त्री के साथ गलत काम हुआ था।

रिपोर्ट पर से थाना बैतूल बाजार में पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान उपरांत अभियुक्त रामनाथ पिता गोलेलाल मालवीय के विरूद्ध धारा 64 (2) (के) बी.एन.एस एवं धारा 3 (2) (वी) एस.सी./एस.टी. एक्ट तथा धारा 192डी दिव्यांगजन अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को 64 (2) (के) बी.एन.एस एवं धारा 3 (2) (वी) एस.सी./एस.टी. एक्ट तथा धारा 192डी दिव्यांगजन अधिनियम के अपराध में अभियुक्त रामनाथ मालवीय को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास तथा जुर्माने से दंडित किया गया।

किसानों की समस्याओं को लेकर 30 सितंबर को कांग्रेस का प्रदर्शन

बैतूल। किसानों और मजदूरों की समस्याओं तथा उनके अधिकारों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल 30 सितंबर को जिला मुख्यालय पर किसान आंदोलन और प्रदर्शन करेगी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पहले 1 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तिथि में संशोधन करते हुए अब इसे 30 सितंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में होने वाले प्रदर्शन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन और कलेक्ट्रेट घेराव किया जाएगा। कांग्रेस द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे गंज बैतूल स्थित आभाश्री होटल के सामने वृंदावन गार्डन में आमसभा होगी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान जनरैली के रूप में कलेक्ट्रेट के लिए रवाना होंगे।

अंबेडकर महाविद्यालय में सेमीनार सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल के सभा हाल में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक शिक्षक शिक्षा में कला और शिल्प की भूमिका था। जिसमें आमंत्रित मुख्यवक्ता प्रोफेसर हेमन्त खण्डई (एच.ओ.डी) यूटीडी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के भोपाल से आये, वक्ता उपस्थित थे।

सेमिनार का शुभारंभ महाविद्यालय के संचालक इंजीनियर धुरव प्रकाश अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि प्रो. हेमंत खण्डई द्वारा माँ सरस्वती एवं पूर्व संचालक स्वर्गीय डॉ.एम.पी.अग्रवाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। संचालक इंजि. धुरवप्रकाश अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि प्रो. हेमन्त खण्डई को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सेमिनार में उपस्थित बी.एड. छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के प्राध्यापक सुनिल वर्मा ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए मंच का संचालन किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने शिक्षक शिक्षा में कला और शिल्प को भूमिका का छात्र-छात्राओ को बहुत ही सहज और सरल भाव में बताया। पी.एच.डी. शोधार्थी श्रीमती रेश्मा रानी खण्डई भाभा विश्वविद्यालय भोपाल ने अपना प्रजेन्टेशन किया, साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा शीर्षक पर विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के प्राचाग्र डॉ. जी. डी. देशमुख ने संबोधन के दौरान शिक्षक शिक्षा में कला और शिल्प के महत्व को बताते हुए, बी.एड. के छात्र छात्राओं को रचनात्मक और समग्र विकास को कैसा बढावा देता है विस्तार पूर्वक समझाया। साथ ही उन्होने सभी छात्रों को अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने की भी प्रेरणा दी एवं विधार्थी जीवन के दौरान किसी भी प्रकार की अनैतिक एवं अवैध गतिविधि न करने की भी बात कही। अंत में प्रो. हेमंत खण्डई का धन्यवाद प्रेषित करते हुये कहा कि इतने कम समय में उन्होंने महाविद्यालय का निमन्त्रण स्वीकार करते हुए महाविद्यालय में छात्रों के लिए मुख्य वक्ता के रुप में आने के लिए अपनी अनुमति प्रदान की। सेमिनार के शुभअवसर पर पूर्व संचालक स्वर्गीय डॉ. एम.पी.अग्रवाल के स्मृति में महाविद्यालय के बी.एड. 2026 के परीक्षा परीणाम के प्रावीण्य सूची के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीयों को सम्मानित किया। अंत में आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के प्राध्यापक सुर्सा किया गया।

छात्र-छात्राएं शैक्षिक भ्रमण के लिए गुजरात रवाना



बैतूल। गणित एवं विज्ञान ओलंपियाड के तहत बैतूल जिले के चयनित कुल 20 छात्र-छात्राओं का दल गुजरात भ्रमण के लिए 26 सितंबर को रवाना हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री पूनम वरकड़े एवं योजना अधिकारी विनोद पड़लक ने बताया कि जिले का 20 छात्र-छात्राओं का दल शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ 6 दिवसीय यात्रा पर गुजरात के लिए 26 सितंबर को एक्सीलेंस स्कूल ग्राउंड बैतूल से प्रशासन की मौजूदगी में रवाना हुआ। दल 27 सितंबर को अहमदाबाद पहुंचेगा। वहीं 28 सितंबर को अहमदाबाद में एस्ट्रोनॉमी गैलरी, एक्वेटिक गैलरी, रोबोटिक गैलरी, नेचर पार्क, मल्टीमीडिया लेजर और फाउंटेन शो लाइफ साइंस पार्क, हॉल ऑफ़ स्पेस ऑफ़ साइंस एनर्जी एजुकेशन, क्लाइमेट चेंज लर्निंग लैब और रिवरफ्रंट इत्यादि का भ्रमण कराया जाएगा। इसके बाद 29 सितंबर को अदलाज स्टेपवेल, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट इसरो, साबरमती आश्रम, दांडी आश्रम, अक्षरधाम मंदिर इत्यादि का भ्रमण छात्रों को कराया जाएगा। वहीं 30 सितंबर को केवड़या स्थित स्टैचू ऑफ यूनिटी का भ्रमण कराया जाएगा। रात्रि साउंड लाइट शो के पश्चात उक्त यात्रा वापसी के लिए प्रस्थान करेगी एवं 1 अक्टूबर को जिले में पहुंचेगी।

मेरे सपनों का भारत विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



बैतूल। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को जयवंती हाक्सर शासकीय महाविद्यालय के अटल सभागार में मेरे सपनों का भारत विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, कमलेश सिंह, कृष्णा गायकी, अतीत पवार एवं डॉ. महेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के माध्यमिक वर्ग में घोड़ाडोंगरी से कक्षा 8वीं के विद्यार्थी आयुष ने प्रथम, बैतूल से कक्षा 6वीं के मोहित ने द्वितीय तथा कक्षा 8वीं की तेजस्विनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी वर्ग में घोड़ाडोंगरी से कक्षा 9वीं की छात्रा रुचिका ने प्रथम, शाहपुर विकासखंड से कक्षा 10वीं की खुशी सलामे ने द्वितीय तथा नीलम उईके ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा नगर, नम आंखों से दी विदाई



भौंरा। गणेश उत्सव के समापन पर नगर में गुरुवार से शुरू हुआ गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शनिवार सुबह भी जारी रहा। विभिन्न गणेश मंडलों और घरों में स्थापित प्रतिमाओं को श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों के साथ विसर्जन के लिए लेकर पहुंचे। मां बिजासन मंदिर स्थित नदी पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष लगाते हुए नजर आए। कई स्थानों पर भगवान श्री गणेश की आरती और पुष्पवर्षा की गई। महिला, पुरुषों और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक विसर्जन में सहभागिता की। भगवान गणेश की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम नजर आईं। भक्तों ने अगले वर्ष फिर से गणपति बप्पा के आगमन की कामना करते हुए सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। विसर्जन को लेकर प्रशासन और आयोजन समितियों की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन सेवा मिलन का शुभारंभ

आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण केंद्र : मंत्री उईके

जिले में 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आंगन सेवा मिलन होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 26 सितंबर से आंगन सेवा मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम विवेकानंद वार्ड ग्रीन सिटी के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, विकास वार्ड पार्षद आनंद प्रजापति, विकास मिश्रा, रश्मि साहू एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गणेश जायसवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात जिला पंचायत सीईओ श्री जायसवाल द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां भी दी। उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सम्मानित- आंगन सेवा मिलन कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभान्वित हितग्राही श्रीमती आरती पवार ने योजना से मिले लाभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलने से उन्हें काफी मदद मिली है। उन्होंने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया। आंगन सेवा मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन सेवा मिलन के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों में राष्ट्र के नौनिहाल बच्चों का शिक्षण, लालन-पालन एवं सर्वांगीण विकास किया जाता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं घर-घर पहुंचकर कुपोषण, एनीमिया, सिकल सेल, टीबी सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान करने और जरूरतमंदों को उचित पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य श्री पवार ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आंगन सेवा मिलन कार्यक्रम के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की जा रही है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में 407 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण

बैतूल। 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू परमार, गणेश साहू एवं राजू चोपडे द्वारा किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेन्द्र मीणा द्वारा दी गई जानकारी अनुसार स्वास्थ्य शिविर में 407 हितग्राहियों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में एएनसी चेकअप, लैब जांच एवं अन्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ सिकल सेल कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा उमंग कार्यक्रम अंतर्गत किशोर-किशोरी की काउंसलिंग की गई। शिविर में आयुष एवं होम्योपैथी विभाग द्वारा भी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सविता कालभोर द्वारा गर्भवती महिलाओं का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मासोद में 28 सितम्बर को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।

श्री गणेश उत्सव समापन पर कराया भंडारा व कन्याभोज



सोहागपुर। गर में पुरानी भारतीय स्टेट बैंक शाखा के पीछे स्थित कालोनी में श्री गणेशोत्सव समापन पर भंडारा व कन्या भोज कार्यक्रम किया गया। कॉलोनी रहवासियों ने बताया कि प्रतिवर्ष गणेशोत्सव संपन्नता पर अनंत चतुर्दशी की शाम भंडारा एवं कन्याभोज किया जाता है। इस वर्ष भी आयोजन में भगवान श्री गणेश के हवन उपरांत कन्या भोज किया गया। कन्याओं का पूजनकर उन्हें उपहार दिए गए। एवं तत्पश्चात भंडारा आयोजन किया गया।

डोल ग्यारस समिति के आयोजन जारी

अनंत चतुर्दशी पर हुए सांस्कृतिक आयोजन, विद्यार्थियों ने की सहभागिता, कलाकारों को किए स्मृति चिन्ह भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर डोल ग्यारस समिति ने श्री गणेशोत्सव समापन पर अनंत चतुर्दशी को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। परंपरानुसार रानी लक्ष्मीबाई मंच पर कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों ने गीतों और नृत्य की प्रस्तुति दी।

डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन पं. अरविंद सहरिया तथा एचपी मांधाता ने किया। जिसमें नन्हे बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। सहभागी बच्चों को स्व. जगदीश प्रसाद सोनी की स्मृति में उपहार दिए गए। इस दौरान अतिथि रूप में सोहागपुर डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, कन्नूलाल अग्रवाल, मंगल सिंह रघुवंशी, चंद्रकांत चौरसिया, यशवंत साहू, विजय अग्रवाल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, पुरुषोत्तम पालीवाल, चौधरी राकेश सिंह, चौधरी राजेश सिंह, चौधरी सुरेंद्र सिंह, चौधरी नवीन सिंह, चुन्नीलाल मुदगल, राजकुमार रघुवंशी, अखिलेश मालवीय, रीतेंद्र सिंह राजपूत, शिवकुमार पटेल, शरद चौरसिया, आनंद साहू, पत्रकार संघ पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा व वरिष्ठजन उपस्थित थे।

इन्होंने दी प्रस्तुतियां

संचालक पं. अरविंद सहारिया ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद सरगम संगीत विद्यालय, सनफ्लावर स्कूल, चंद्र विद्या इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती ज्ञानस्थली, ग्लोबल पब्लिक स्कूल, सेंट पैट्रिक्स स्कूल, विवेकानंद स्कूल, आदर्श विद्यालय, सीताराम विद्या मंदिर सहित अन्य स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने धार्मिक प्रसंगों सहित राष्ट्रवाद व देशप्रेम पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों एवं अतिथियों का पं. अरविंद सहारिया ने आभार व्यक्त किया

गणेश विसर्जन के दौरान हादसा, 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

सीहोर/अहमदपुर। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार को सीलखेड़ा से मुंगावली जाने वाले मार्ग पर करीब डेढ़ किलोमीटर आगे स्थित एक खदान में हादसा हो गया। हादसे में सीलखेड़ा निवासी 16 वर्षीय अतुल अहिरवार, पिता अजब सिंह अहिरवार की गहरे पानी में डूबने से मौत होने की जानकारी सामने आई है। बताया गया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए अतुल अन्य लोगों के साथ खदान के पानी में गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। बताया गया है कि सीलखेड़ा से मुंगावली रोड पर करीब डेढ़ किलोमीटर आगे खदान में गणेश विसर्जन के दौरान यह हादसा हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद गणेश विसर्जन के दौरान सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी पुलिस की जांच और आधिकारिक कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट होगी। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब यह घटना हुई थी तो गांव के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए आधे घंटे की मस्कट के बाद गहरे पानी से युवक को निकाला गया फिर उसे उपचार के लिए निजी वाहन से अहमदपुर ले जाया गया था वहां से उसे दोराहा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

श्री निर्विकार पथ दिव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल ने गाए भजन पथिकों संग किया दिव्य चेतना सत्संग

श्री निर्विकार पथ के तत्वावधान में दिव्य चेतना सत्संग एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मंत्री प्रहलाद पटैल ने सहभागिता की। उनके साथ सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं अनेक नेता उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



ग्राम सतवासा में श्री निर्विकार पथ के तत्वावधान में दिव्य चेतना सत्संग एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री पथिक प्रहलाद पटेल पथिक के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन ओ पागल मानव छोड़ दे झूठी माया से हुआ। पथिक प्रहलाद पटेल सहित अन्य पथिकों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सत्संग को संबोधित करते हुए पथिक प्रहलाद पटेल ने कहा कि विश्वास होता नहीं है, विश्वास किया जाता है। विधि और सूत्र के मर्म को समझाते हुए उन्होंने कहा कि विधि को जानना, मानना और प्राप्त कर लेना ही साधना है। रावण का उदाहरण देते हुए कहा कि ज्ञान होने के बाद भी आहार संयम न होने से पतन होता है, इसलिए विधि उसी को मिलनी चाहिए जो आहार संयम का पालन करे।उन्होंने कहा कि पुरुष एक पतंग है और उसकी डोर घर में महिला के हाथ में होती है। जमीन पर रहोगे तो ईश्वर से जुड़े रहोगे, इसलिए नंगे पैर चलो। जहाँ नदियों, पहाड़ों और वृक्षों का उद्गम स्थल होता है, वहाँ अनन्य ऊर्जा होती है, उसे अवरुद्ध नहीं करना चाहिए। नर का मद हरने वाली नदी का नाम ही नर्मदा माँ है।

पथिक प्रहलाद पटेल ने कहा कि दर्शन लाभ चाहिए तो सत्संग में आओ, इसकी फीस है मन का कचरा। उन्होंने बताया कि वे 34 वर्ष की आयु में सत्संग से जुड़े थे और राजनीति के कलंक से बचे रहे, यह सत्संग का ही प्रताप है। सत्य प्रताड़ित हो सकता है, पराजित नहीं। सत्य को प्रमाण नहीं, प्रणाम की आवश्यकता है। जीवन में नींद, भूख और शौक पर नियंत्रण आवश्यक है। कार्यक्रम में पथिक जालम सिंह पटेल, दर्शन सिंह चौधरी (सांसद), पथिक थम्मन शर्मा, पथिक देवेन्द्र पटेल (प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय गुर्जर महासभा), पथिक राजा भैया पटेल (जिला अध्यक्ष), पथिक हाकम सिंह गुर्जर (जिला पंचायत सदस्य), पथिक जितेन्द्र पाराशर जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव ग्राम पंचायत उमरखेड़ी सरपंच उमेश पटेल सरपंच सतवासा शिवकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में पथिक एवं श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



संयुक्त संचालक ने किया बागरा विद्यालय का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगरपीएमश्री शा.उ.मा.विद्यालय बागरातवा, शनिवार को लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल से संयुक्त संचालक अरविंद चौरगढे द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इसमें उनके द्वारा सभी कक्षाओं का भ्रमण किया गया,एवं स्कूल में संचालित सभी गतिविधियों की जानकारी ली।विद्यार्थियों से कठिन विषय मे क्या समस्या जाती है कैसे पढ़ाई की जावे,आदि पर विद्यार्थियों से विस्तृत चर्चा की। सभी शिक्षकों से वन टू वन चर्चा की।साफ सफाई, ग्रीन स्कूल आदि व प्रसन्नता जाहिर की। सेवा संकल्प अभियान,कैरियर, प्रायोगिक कार्यों ,कंप्यूटर लैब, ICT आदि की भी जानकारी ली गयी।आगे शासन की सभी योजनाओं का ऐसे ही क्रियान्वयन व विधिवत संचालन करने के आदेश दिए गए।

आंगनबाड़ी केंद्र में किया आंगन मिलन समारोह उपस्थित हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी

सोहागपुर। महिला बाल विकास विभाग की परियोजना सोहागपुर में शनिवार को आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेमरी हरचंद के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक चार में किया गया। जिसमें विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार जैन उपस्थित रहे। सोहागपुर परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी ने बताया कि आंगन मिलन समारोह की शुरुआत पौधारोपण कार्यक्रम से की गई। इसके बाद आंगनबावाड़ी केंद्र क्रमांक चार सेमरी हरचंद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं के लिए मनोरंजन गतिविधियां संचालित की गईं। कार्यक्रम में गर्भवती, धात्री, किशोरियों एवं लाड़ली बहना योजना के हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि रूप में भाजपा मंडल महामंत्री धनीराम मौर्य, समाजसेवक भावेश दुबे, रामकुमार सोनी व अटल बाल पालक अजय सिंह राजपूत उपस्थित थे। जिले से जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार जैन, परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी, पर्यवेक्षक वंदना देवहरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता सुनीता राजपूत एवं सेक्टर की अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

वाराणसी जा रही जल जन संकल्प यात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत

सेवा संकल्प अभियान जारी, 17 अक्टूबर तक किए जाएंगे आयोजन, जनप्रतिनिधि, नागरिक व विद्यार्थी ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया





देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस समारोह का आयोजन लगातार 1 माह तक किया जाना है। इसके लिए अलग-अलग कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। लेकिन सभी कार्यक्रमों को शासकीय स्तर पर मनाया जा रहा है।

सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद के अंतर्गत जल जन सेवा संकल्प यात्रा का पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया गया।तो विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल ने बताया कि यह यात्रा गुजरात के बड़नगर से शुरू होकर वाराणसी जा रही है।नगर सीमा प्रवेश करने पर समस्त भाजपा जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। अनेकानेक जगहों पर लगातारयात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया है। यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से संवाद स्थापित किया गया। केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ एवं जानकारी अनुसार चर्चा की गई थी। यात्रा शोभापुर रोड स्थित हनुमान मंदिर में पहुंची वहां पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कि ग ई भोजन के बाद अगले पड़ाव के लिए यात्रा रवाना हुई।

हो रहे आयोजन

जगह जगह सेवा संकल्प अभियान की टीम पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वाचाबानी,महलवाडा, बनखेड़ी पलिया पिपरिया , रामपुर बांसखेड़ा सिलारी, मंगलवारा चौराहे हथवास सहित अन्य सभी जगहों पर लगातार विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने आगवानी करते हुए पिपरिया की सीमा पर तैनात भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीती शुक्ला माधव दास अग्रवाल मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय जिला महामंत्री ममता नागवंशी जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। हनुमान मंदिर में पहुंची यात्रा के सभी लोगों ने सुंदर कांड का पाठ किया गया।

जैन समुदाय ने क्षमावाणी के साथ किया पर्युषण पर्व का समापन

पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों से जैन समाज ने निकाली पालकी शोभायात्रा पालकी के आगे आगे कपड़े फूल बिछाए ग ए कला मंदिर में भगवान महावीर के अनुयाई जनों ने क्षमावाणी पर्व मनाया गया। पर्युषण पर्व के समापन पर शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह पूजा अर्चना कर स्वागत सम्मानित किया गया। भजन कीर्तन करते हुए महिलाओं पुरुषों ने कतार बंद मौन सहमति से यात्रा निकाली गई। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने भी पालकी अपने कांधे पर लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। भाजपा नगरपालिका परिषद की तरफ से मंगलवारा चौराहे पर दुर्गा मंदिर न्यास की तरफ से तमाम संगठनों के द्वारा लगातार स्वागत सम्मानित किया गया।

आंगनबाड़ी वार्ड नं 3 में किया पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

आंगनबाड़ी वार्ड नं 3 में मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यालय में जनप्रतिनिधि पुष्पा यादव को निमंत्रण दिया। आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये गए। जिसमें कुर्सी दौड़ साथ ही पौधरोपण किया गया कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका को पुरस्कार दिया गया। पुष्पा यादव द्वारा बच्चों को टाफी ओर हलबा खिलाया गया।

भाजपा ने दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कार्यक्रम किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

25 सितंबर को भाजपा मंडल पचमढ़ी द्वारा एकात्म मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय के प्रेरणास्रोत एवं राष्ट्रसेवा के महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। दीनदयाल के विचार हमें समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान तथा राष्ट्रहित में निरंतर सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।उनकी जयंती पर सेवा, समर्पण एवं अंत्योदय के संकल्प को और मजबूत करने के इस विचार के साथ सभी बूथ अध्यक्षगण ने अपने-अपने बूथ पर बूथ समिति के साथ मिलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं सह-संयोजक, पार्षदगण एवं मातृशक्ति की सहभागिता रही।

गोहित में कार्य कर रही कर्मठ कार्यकर्ताओं की टीम

गोवंश एवं आमजनों को दुर्घटनाओं से बचाने लगा रहे मवेशियों के सींगों पर रेडियम स्ट्रीप, नागरिकों को भी कर रहे है जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे पर भटकते मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। दुर्घटनाएं न हों, गोवंश व आमजन सुरक्षित रहें, इसके लिए जागरुक लोग गोवंश के सींगों पर रेडियम लगा रही है।

अभियान बावत नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव जलज शर्मा ने बताया कि गोमाता सड़क पर सुरक्षित रहे और वाहन चालक भी सचेत हों, इस भाव से रेडियम लगाने का काम गत दिवस करनपुर ग्राम में किया गया। जलज शर्मा के अनुसार करनपुरवासी सौरभ पुर्विया पुत्र हरगोविंद पुर्विया और उनके साथी इस काम में आगे आए हैं। सौरभ पुर्विया ने कहा कि पहल पर हम मिलकर अभी और कार्य करेंगे। इस अवसर पर हल्के वीर रघुवंशी, विनय पुर्विया, दामोदर सिंह, कृष्णा ठाकुर, रंजीत सेठ, सत्यम रघुवंशी एवं ग्रामवासियों ने सहयोग किया। सौरभ पुर्विया ने कहा कि उनके पिता समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया द्वारा सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इससे प्रेरित होकर उन्होंने साथियों सहित गौवंश संरक्षण की दिशा में यह कार्य किया है।

गले पर बांधे बेल्ट, सींगों पर लगाई पट्टी

जलज शर्मा ने बताया कि सड़क पर भटकते हुए मवेशियों को रोका गया एवं गहरे लाल व पीले रंग की रेडियम पट्टियों को उनके सींगों पर लगाया गया। ताकि रात के अंधेरे में पट्टियां वाहनों की लाइट में दूर से चमक सकें और दुर्घटना ना हो। सींग रहित मवेशियों के गले में बेल्ट बांधे गए हैं। इन बेल्ट में थोड़ा अंतराल देकर रेडियम की पट्टियां लगाई गई हैं। ताकि ये भी वाहनों की रोशनी में रात्रि में चमकें तो वाहन चालक सचेत हो जाएं। इस तरह दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी व गौवंश सहित वाहन चालक एवं वाहनों में सवार यात्री सुरक्षित हो सकेंगे। नागरिकों ने इस अभियान की सराहना की है।

अंकित यादव का संभाग स्तरीय बैडमिंटन के लिए किया चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर2026-27, व जिला अग्रणी महाविद्यालय के द्वारा आवंटित विभिन्न खेल विधाओं के अंतर्गत 18 सितंबर को एन ई एस महाविद्यालय नर्मदापुरम में जिला स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसमें अंकित यादव ,राजाराम उईके एवं कपिल अहिरवार ने माखन नगर महाविद्यालय से उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता की थी।

अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर अंकित यादव का संभाग स्तरीय अंतर जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ, संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता बी एस एस एस महाविद्यालय भोपाल में दिनांक 28 सितंबर को आयोजित होगी। अंकित यादव की उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे सहित समस्त महाविद्यालय परिवार व , खिलाड़ी छात्र - छात्राओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

खबर संक्षेप



वायरल फीवर, 70-80 मरीज़ों की ओपीडी

रहटगांव। मौसम में बदलाव के चलते इन दिनों सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। रहटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन करीब 70 से 80 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सौरभ बर्मन ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण वायरल फीवर सहित सर्दी-खांसी के मरीजों में इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों का जांच एवं उपचार किया जा रहा है। लैब टेक्नीशियन प्रीतम धुर्वे ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की आवश्यक जांच की जा रही है। इसमें शुगर, ब्लड प्रेशर, मलेरिया, टाइफाइड सहित विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच शामिल हैं।

अमानक बीज विक्रय पर कार्रवाई

सीहोर। कृषि विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा अमानक बीज विक्रय करने पर सीहोर जिले के 9 बीज विक्रय केंद्रों के बीज लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। इनमें सीहोर के मेसर्स सांई एग्रो भैरूंदा, मेसर्स सांई कृपा कृषि केन्द्र भैरूंदा, मेसर्स मारूती कृषि सेवा केन्द्र लाड़कुई, मेसर्स भाटीजी कृषि सेवा केन्द्र भैरूंदा, मेसर्स न्यू राकेश कृषि सेवा केन्द्र भैरूंदा हैं।

राष्ट्रीय पोषण माह में बालिकाओं को पोषण व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

कन्या शिक्षा परिषद धूलकोट में 91 बालिकाओं के हीमोग्लोबिन की जांच



क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से दिया संतुलित आहार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल के तहत राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अंतर्गत भगवानपुरा विकासखंड स्थित कन्या शिक्षा परिषद, धूलकोट में कक्षा 6 से 12वीं तक की छात्राओं के लिए पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 9 सितंबर से 8 अक्टूबर 2026 तक किया जा रहा है। इस वर्ष अभियान की थीम हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में किशोरियों को संतुलित आहार, पोषण विविधता, पर्याप्त प्रोटीन सेवन, एनीमिया की रोकथाम तथा किशोरावस्था में स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली जैसे विषयों पर भी विद्यार्थियों से संवाद किया गया। कार्यक्रम के दौरान 91 बालिकाओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई। जांच के आधार पर बालिकाओं को आयरन एवं पोषणयुक्त आहार के महत्व की जानकारी दी गई। सामान्य हीमोग्लोबिन स्तर वाली बालिकाओं को भी संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए क्विज एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. चंद्रजीत सावले, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. चेतन कलमे, परियोजना अधिकारी नन्दराम सिंह सहित अंतरा फाउंडेशन की टीम की सहभागिता रही। स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, सीएचओ एवं एएनएम ने भी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से किशोरियों को संदेश दिया गया कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाकर एनीमिया एवं कुपोषण की रोकथाम की जा सकती है।

104 आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



हरदा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खिरकिया के 104 आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रथम चरण में ह्यआंगन मिलन सेवाह्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम बारंगा, सेक्टर मांदला, परियोजना खिरकिया में आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री, कमल पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों एवं हितग्राहियों को मिठाई एवं स्वल्पाहार वितरित किया। कार्यक्रम में बच्चों एवं हितग्राहियों का पूजन कर उन्हें खिलौने एवं पोषण सामग्री प्रदान की गई। साथ ही विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली बहना योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की अन्य योजनाएं शामिल रहीं। अधिकारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर, सरपंच गोकुल दास बघेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष योगमाया शर्मा, माया पारे, नमृता पुजारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा, परियोजना अधिकारी अनुराग दुबे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ग्राम चारुवा में जनपद सदस्य जगदीश प्रसाद कीर तथा खिरकिया में नगरपालिका अध्यक्ष इन्द्रजीत कौर के मुख्य आतिथ्य में भी आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला न्यायालय परिसर में शिविर लगा

न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी की अध्यक्षता में शनिवार को एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर में उल्लास : एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत द्वितीय वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शुभारंभ अरविंद रघुवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आयोजित प्रथम स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लिए गए 159 व्यक्तियों के रक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया। इस दौरान चिकित्सकीय टीम ने 35 लोगों के रक्त नमूने भी लिए।

जिला चिकित्सालय से डॉ. दीपक ठाकुर (एमडी मेडिसिन), डॉ. अशोक कुमार जाट (हड्डी रोग), डॉ. राजेश सतीजा (ईएनटी), डॉ. संदीप इवने (एमएस सर्जन एवं लिवर रोग विशेषज्ञ), डॉ. भरत यादव (नेत्र रोग) तथा आयुष विभाग की डॉ. प्रियंका मीणा, डॉ. मीनाक्षी चौरसिया और डॉ. साधना सेजकर ने सेवाएं दीं।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने कहा कि उल्लास : एक अभिनव प्रयोग के तहत आयोजित शिविर न्यायिक परिवार एवं अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधीर कुमार चौधरी, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निसार अहमद खान, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निमिष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर, एसके भदकारिया, प्रेमदीप शाह, चेतना रूसिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव शैलेन्द्र जोशी सहित अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

मिशन बेंचमार्क अभियान में प्राथमिक शालाओं को 60 बेंच सेट वितरित

सांसद ने विभिन्न शालाओं के लिए उपलब्ध कराए बेंच सेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मिशन बेंचमार्क अभियान के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र खरगोन-बड़वानी के सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा विकासखंड भगवानपुरा की विभिन्न प्राथमिक शालाओं के लिए विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप 60 सेट बेंच वितरित किए गए। यह सामग्री कलेक्टर गुरु प्रसाद के मार्गदर्शन में विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त को विकासखंड भगवानपुरा की विभिन्न प्राथमिक शालाओं में उपयोग के लिए बेंच सेट उपलब्ध कराए गए। बेंच सेट उपलब्ध होने से विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बैठने की बेहतर सुविधा मिलेगी। इससे कक्षाओं में विद्यार्थियों के लिए अधिक सुविधाजनक एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण निर्मित होगा।

मिशन बेंचमार्क का उद्देश्य विद्यालयों में सुविधाएं मजबूत करना

मिशन बेंचमार्क अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधायुक्त शिक्षा के लिए बेहतर



वातावरण उपलब्ध कराना है। अभियान के माध्यम से विद्यालयों में विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

बेहतर सुविधाओं से बढ़ेगी विद्यार्थियों की सहभागिता

विद्यालयों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता से विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अध्ययन के प्रति रुचि और शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बेंच सेट जैसी मूलभूत सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए कक्षा-कक्ष में सीखने के वातावरण को और अधिक सहज बनाने में सहायक होंगी।

शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने जताया आभार

प्राथमिक शालाओं में बेंच सेट उपलब्ध होने से विद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामवासी प्रसन्न हुए। उन्होंने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए की गई इस पहल के लिए सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल एवं कलेक्टर गुरु प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया।

सेवा संकल्प अभियान, डॉ. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में चित्रकला प्रदर्शनी लगाई

विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने में प्रतिभा की अहम भूमिका: उइके

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सेवा संकल्प अभियान के तहत डॉ. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, हरदा में जिला स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम में भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री डी.डी. उइके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के माध्यम से भविष्य में देश के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने की क्षमता विकसित करें। युवाओं का नेतृत्व ही आने वाले समय में भारत को और अधिक शक्तिशाली तथा विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने कहा कि देश के राष्ट्रीय गौरव में वृद्धि और विकास की उपलब्धियों को भी जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और राष्ट्र प्रगति के नए सोपान अर्जित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शासन-





प्रशासन का संचालन सुव्यवस्थित रूप से हो रहा है। उन्होंने चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पिपरिया के पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी में जिले के कुल 23 संकुलों से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रत्येक संकुल से वरिष्ठ वर्ग के 5-5 छात्र छात्राएँ एवं कनिष्ठ वर्ग से 5-5 छात्र छात्राएँ, अपने मार्गदर्शन शिक्षक के साथ सम्मिलित हुए। इस प्रकार प्रत्येक संकुल से कुल 10 छात्र छात्राएँ एवं 1 मार्गदर्शक शिक्षक, अर्थात कुल 11 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में 23 संकुलों से कुल 230 छात्र छात्राओं एवं 23 मार्गदर्शक शिक्षकों सहित लगभग 253 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। छात्र छात्राओं द्वारा निर्धारित विषयों पर तैयार की गई विभिन्न चित्रकला कृतियों को प्रदर्शित किया गया। चित्रों में विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता, विषय-वस्तु की समझ एवं कलात्मक कौशल का प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला। महाविद्यालय स्तर से 18 प्रदर्शनियां कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम का समन्वय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य संतोष यादव ने किया। जिला स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग में शासकीय माध्यमिक शाला डगावानीमा की छात्रा कविता मौर्य, टेलेन्ट मास्टर स्कूल टिमरनी के छात्र अर्थव तथा शासकीय माध्यमिक शाला भुन्नास की छात्रा दीक्षा इवने विजेता रहे। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में उत्कृष्ट विद्यालय की भावना विश्वकर्मा, हायर सेकण्ड्री स्कूल नयागांव के छात्र बलवान तथा हायर सेकण्ड्री स्कूल मोरगढ़ी की छात्रा तनुश्री विजेता रही।

कौशल विकास से रोजगार तक 14 वर्षों में 20 हजार विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

अच्छी खबर

कौशल विकास, उच्च शिक्षा, रोजगार एवं महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था द्वारा पिछले 14 वर्षों में 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों को जीडीए नर्सिंग, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, ऑटोमोटिव, बैंकिंग, रिटेल एवं कंप्यूटर क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया गया। हरदा के अलावा ग्वालियर, भिंड, शाजापुर, आगर मालवा, आष्टा, सीहोर, इंदौर, भोपाल एवं नर्मदापुरम में भी संस्था ने कार्य किया है। संस्था के अनुसार 300 से अधिक महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 3 हजार से अधिक बीपीएल कार्डधारी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर मुख्यधारा से जोड़ा गया। केंद्र एवं राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से 2 हजार से अधिक अजजा, अजा एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाकर निशुल्क डिग्री-डिप्लोमा करवाए गए। वहीं 600 से अधिक दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के अनुसार अब तक 3 हजार से अधिक विद्यार्थी रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त कर चुके हैं। बैंकिंग क्षेत्र में 100 से अधिक युवाओं को असिस्टेंट मैनेजर के पद पर प्लेसमेंट दिलाया गया।

स्किल महोत्सव में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, विधायक रामकिशोर दोगने, गोविंद व्यास, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष योगमाया शर्मा, जिला प्रचारक प्रशांत, राजेश काकोड़िया, बलराम काले सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में भुजबल राजपूत, तरुण पाटिल, हरिओम गुर्जर, सलमा खान, अनीता धमाल एवं सीमा ओंकर सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को केंद्र पर आमंत्रित कर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा उन्हें दैनिक उपयोग की सामग्री भेंट की गई। संस्था की डायरेक्टर शिवप्रिया रूपेंद्र रघुवंशी ने सभी का धन्यवाद किया। सीईओ नंदिनी धावने एवं पीआरओ अर्चना चौरसिया ने आभार माना। संस्था की डायरेक्टर शिवप्रिया रूपेंद्र रघुवंशी ने सभी सहयोगियों एवं अतिथियों का धन्यवाद किया।

टोकसर, रावेरखेड़ी और मिटावल में दो दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन होंगे

खरगोन में तीन स्थानों पर गूंजेंगी लोक संस्कृति की स्वर-लहरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिले की समृद्ध लोक एवं जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और लोक कलाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन खरगोन के सहयोग से ह्यखेती खेड़ो हरि नाम कीह्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिले के तीन प्रमुख स्थानों टोकसर, रावेरखेड़ी और मिटावल में आयोजित होने वाले दो-दिवसीय कार्यक्रमों में विभिन्न लोक एवं जनजातीय कला विधाओं की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

टोकसर में 6 व 7 अक्टूबर को आयोजन

टोकसर स्थित गौमुख घाट में 6 व 7 अक्टूबर को सांस्कृतिक आयोजन होगा। 6 अक्टूबर को निमाड़ी गायन, नर्मदाष्टकम् नृत्य-नाटिका, काठी नृत्य एवं भील जनजातीय भगोरिया नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। वहीं 7 अक्टूबर को ह्यखेती खेड़ो हरि नाम कीह्न नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा।

रावेरखेड़ी में 8 व 9 अक्टूबर को लोक रंग

रावेरखेड़ी स्थित श्रीगौरी अन्नक्षेत्र आश्रम में 8 व 9 अक्टूबर को आयोजन होगा। प्रथम दिवस निमाड़ी गायन, निमाड़ी गम्मत, भील जनजातीय भगोरिया नृत्य एवं गणगौर नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। दूसरे दिन खेती खेड़ो हरि नाम की नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा।

मिटावल में 12 व 13 अक्टूबर को होगा आयोजन

मिटावल स्थित संत सिंगाजी मंदिर परिसर में 12 व 13 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 12 अक्टूबर को निमाड़ी गायन, नर्मदाष्टकम् नृत्य-नाटिका एवं गणगौर नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। 13 अक्टूबर को खेती खेड़ो हरि नाम की नृत्य-नाट्य का मंचन होगा। इस नृत्य-नाट्य के निर्देशक चंद्रमाधव बारिक, भोपाल, लेखक योगेश त्रिपाठी, रीवा तथा संगीतकार कुलदीप सारवा, दुर्ग हैं। लोक एवं जनजातीय कला परंपराओं को मंच प्रदान करने के साथ नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय को मिले 10 कंप्यूटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, जुनापानी को 10 नए कंप्यूटर प्राप्त हुए हैं। अग्रवाल डिस्टिलरीज, जगतपुरा द्वारा प्रबंधक नरहरी दांगी के माध्यम से सीएसआर मद के अंतर्गत ये कंप्यूटर विद्यालय को उपलब्ध कराए गए हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए अग्रवाल डिस्टिलरीज का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि शैक्षणिक संस्थानों को उपलब्ध कराए जाने वाले तकनीकी संसाधन विद्यार्थियों की शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने में उपयोगी साबित होते हैं। कंप्यूटर उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से अध्ययन, कंप्यूटर आधारित गतिविधियों तथा तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त संसाधन मिलेंगे। जुनापानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय केंद्रीय शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत संचालित विद्यालय है। विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीकी संसाधनों से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया जाता है। सीएसआर के माध्यम से प्राप्त इन कंप्यूटरों से विद्यार्थियों की डिजिटल दक्षता को बढ़ावा मिलेगा तथा उन्हें तकनीक आधारित सीखने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

वन्य-प्राणियों के सुरक्षित कारिडोर को लेकर उठ रहे सवाल

चित्तौड़गढ़-भुसावल मार्ग-उन्नयन के लिए क्रेशर मशीन से गिट्टी निर्माण से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

चित्तौड़गढ़-भुसावल मार्ग (एनएच-347) सरवर देवला से महाराष्ट्र बार्डर शेरी-नाका (55.80किमी) तक मार्ग-उन्नयन रू.467.23 की लागत से हो रहा है। फलस्वरूप पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल) ने 22 जनवरी 2026 में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, इंन्दौर कुल 110.0992 हेक्टर) वनभूमि हस्तांतरित की है। जिसका निर्माण करीब दो वर्षों से एमएस खुराना इंजीनीयरिंग लिमिटेड, अहमदाबाद कर रही है। यावल वन्यजीव अभ्यारण पाल (जलगांव) के सीमावर्ती मध्यप्रदेश के सघन वनक्षेत्र गाड़गियाआम (कक्ष क्र.आरएफ़ 854) में मोबाइल क्रेशर मशीन से गिट्टी निर्माण और उसे राजस्व क्षेत्र में संग्रहण की गतिविधियों ने वन संरक्षण,



खनिज नियमों और पर्यावरण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जबकि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सीमा की सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाएं, वन्य-प्राणियों का सुरक्षित कारिडोर (इको-सेंसेटिव जोन) भी है। जिसमें बाघ, तेंदुए, मोर, हिरण, शेही, बारहसिंघा, सूअर सहित कई प्रजातियों के वन्य-प्राणी दोनों प्रान्तों की सीमा में आते-जाते रहते हैं। यदि वन-परिक्षेत्र सहायक वृत्त गाडग्याम(रेंज तितरान्या) ने 10 अप्रैल 26 निर्माण-एजेंसी को अनुमति प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया था। जिसमें उल्लेख है कि अनुमति दिखाये बिना मशीन का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है,जो भारतीय वन्यजीव अधिनियम 1927 के प्रावधानो का उलंघन है।.जबकि यावल अभ्यारण (वाइल्ड लाइफ) पाल के रेंजर अमोल सोनवने ने कहा कि उनके पास अतिरिक्त प्रभार है और उन्हें वस्तु स्थिति की जानकारी नहीं है।

डीएफओ ने कहा, अनुमति दी है: खरगोन डीएफओ रमेशचन्द्र राठौर के अनुसार वनक्षेत्र में क्रेशर मशीन के संचालन की अनुमति दी गई है,जो राइट ऑफ वे (आरओ डबल्यू) में रखी गई है। जिसमें से निकले पत्थरों से गिट्टी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा- वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने अभ्यारण को लेकर निर्धारित प्रोफार्मा में को जानकारी दी गई थी।

बड़ी कंपनी अनुमति लेती है: सीसीएफ : खंडवा वृत्त की सीसीएफ बासु कनौजिया ने कहा है कि बड़ी निर्माण कम्पनियां अनुमति लेकर ही कार्य करती है। उन्हें मालुम है कि वन विभाग मशीनें जब्त कर लेता है। हालांकि मामला,खरगोन वन मंडल का होने से डीएफओ ही जानकारी देंगे। उन्होंने ही वाइल्डलाइफ का निर्धारित प्रोफार्मा की पूर्ति की होगी,तभी अनुमति मिलती है।

ऑनलाइन प्रक्रिया की: परियोजना प्रबंधक: एजेंसी के परियोजना प्रबंधक जावेद रजा ने पूर्व में जानकारी दी थी कि क्रशर-संचालन हेतु वन विभाग की अनुमति मिल गई है। जिससे अधिग्रहित वनभूमि (आरओ डबल्यू) से ही पत्थर लेकर 10 से 20 मिमी गिट्टी-निर्माण कर,दामखेड़ा कैंप में संग्रहित कर रहे हैं। जबकि प्रदूषण बोर्ड की अनुमति की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं होने से ताजा जानकारी नहीं मिल सकी है। अचानक क्रेशर मशीन बंद होने और इसी दिन प्रदूषण-बोर्ड खरगोन के अधिकारी अंकित बघेल के निरीक्षण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जिससे प्रदूषण बोर्ड इंदौर के क्षेत्रीय अधिकारी सतीश कुमार चौकसे ने भी यू-टर्न ले लिया और उनके स्वर बदल गए। उन्होंने कहा कि अभी क्रेशर मशीन शुरू नहीं की गई है।

इनका कहना है

निर्माण-एजेंसी को कैंप दामखेड़ा में मशीन स्थापित कर, गिट्टी संग्रहण करना चाहिए, जो राजस्व क्षेत्र में है।

झूमा सोलंकी,
विधायक कांग्रेस भीकनगांव

सघन वनों और वन्य-प्राणियों केजीवन पर प्रतिकूल असर हो रहा है, यह काफी गंभीर मामला है।

अमोल जावलेकर,
भाजपा विधायक भाजपा, रावेर (जलगांव)